रेलगाड़ियों के लिए टिकटों का आरक्षण

1396. **डा. बापू कालदाते :** क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि मुंबई और दिल्ली से चलने वाली रेलगाड़ियों के लिए आरक्षण एक महीने पहले ही बंद हो जाता है किन्तु जो व्यक्ति काला बाजार से टिकट खरीदते हैं उन्हें, उनके नाम पर पुष्ट टिकट मिल जाता है;

(ख) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं;

(ग) क्या सरकार इस भ्रष्टाचार को रोकने के लिए कार्यवाही करने का विचार रखती है ; और

(घ) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं ?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मल्लिकार्जुन) : (क) जी नहीं।

(ख) प्रश्न नहीं उठता।

(ग) और (घ) आरक्षण कार्यालयों, रेलवे स्टेशनों और गाड़ियों में नियमित तथा अचानक जांच की जाती है और गाड़ियों में स्थान आरक्षण के अधिकार में संलिप्त पाए गए व्यक्तियों को पकड़ा जाता है और उनके विरुद्ध रेल अधिनियम के उपबंधों के अनुसार कार्रवाई की जाती है। जहां कहीं रेल कर्मचारियों की मिली-भगत प्रकाश में आती है, उनके विरुद्ध भी कार्रवाई की जाती है।

गुजरात में रेल परियोजना

1397. **श्री राजूभाई ए. परमार :** क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) गुजरात की ऐसी कौन-कौन सी रेल परियोजनाएं हैं, जिन्हें सातवीं पंचवर्षीय योजना में शामिल किया गया था किन्तु जो अभी तक पूरी नहीं हुई है ;

(ख) ऐसी प्रत्येक परियोजना की वर्तमान स्थिति क्या है ;

(ग) इन परियोजनाओं के पूरा होने की तारीखें कौन-कौन सी है और उनकी अनुमानित लागत कितना-कितनी है ; और

(घ) किन-किन परियोजनाओं को आठवीं पंचवर्षीय योजना अवधि के दौरान शुरू किए जाने की संभावना है और उनकी अनुमानित लागत कितनी-कितनी है ?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मल्लिकार्जुन) : (क) गोधरा-दाहोद-इन्दौर और देवास-मक्सी (316 कि. मी., 81 कि.मी. गुजरात में)।

(ख) देवास-मक्सी खंड पर कार्य प्रगति पर है और प्रगति 19.5% है।

(ग) (i) कार्य का पूरा होना आगामी वर्षों में साधनों की उपलब्धता पर निर्भर करेगा।

(ii) अनुमानित लागत 297.14 करोड़ रुपये है।